Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Murmu Shri Hemlal

>

Title : Regarding development and maintenance of National Highways.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : अध्यक्ष महोदय, राट्रीय राजमार्ग 80, जिसकी लगभग दस किलोमीटर लम्बाई है, यह पश्चिम बंगाल राज्य में पड़ता है। फरक्का के पास एनएच-80 पुल निर्माण की आवश्यकता है। इसके लिए तीन-तीन बार टैंडर हो चुका है और आंदोलन भी हुए, लेकिन जानबूझ कर पुल निर्माण एवं सड़क निर्माण नहीं कराया जाता, क्योंकि इस क्षेत्र के आपराधिक तत्व प्रशासन एवं अन्य लोगों की मिलीभगत से प्रत्येक वाहन प्रचालकों से 200-300 रुपए बजाप्ता रास्ता काट कर, रंगदारी टैक्स के रूप में वसूल किया जाता है, जिससे कि करोड़ों रुपए की कमाई का बंदरबांट होता है। यह सड़क पश्चिम बंगाल एवं झारखंड राज्य की आर्थिक सेतु के समान है। दैनिक उपयोग की हर वस्तु बंगाल से झारखंड आती है। ऐसी स्थिति में ट्रक ऑपरेटरों से मुंह मांगी वसूली की जाती है, इस कारण वाहन ऑपरेटरों ने इस रास्ते से आना छोड़ दिया है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि एनएच-80 पर पुल निर्माण सड़क निर्माण एवं मरम्मत हेतु एनएचेएआई एवं संबंधित विभाग को शीघ्रातिशीघ्र आदेश जारी करने की व्यवस्था की जाए।